बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 01/भू०अ०नि०(5)क्षे०आ०(विशेष सर्वेक्षण अमीन–03/2022..1607 पटना, दिनांक : 21/7/2022

आदेश

दिनांक 16.03.2022 एवं 17.03.2022 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक बैठक की निर्गत कार्यवाही के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1133 दिनांक 13.05.2022 द्वारा मो० सैफ, विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID AEN04613) द्वारा टेटिया बम्बर शिविर–02 में किया जा रहा कार्य असंतोषजनक रहने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

मो० सैफ द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में बॉया हाथ टूटने का जिक्र किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा उक्त जिले के नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा की गयी।

नोडल पदाधिकारी की अनुशंसा/मंतव्य के आलोक में मो० सैफ द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत इनका स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं पाया गया है, क्योंकि विशेष सर्वेक्षण कार्य के विभिन्न प्रक्रमों में किए जाने वाले कार्य के लिए समयावधि निर्धारित है, किन्तु इनके द्वारा अपना कार्य निर्धारित अवधि में पूरा नहीं किया गया है और न ही स्पष्टीकरण में कोई ऐसा तथ्य दिया गया हो, जो निर्धारित अवधि में कार्य नहीं होने के कारण को मान्य करता हो।

अतः निर्धारित समय में कार्य नहीं किए जाने एवं कार्य में की गयी लापरवाही के लिए इनको निर्धारित मानदेय में से 03 सप्ताह के मानदेय की कटौती इस शर्त्त के साथ की जाती है, कि अगर भविष्य में इनका कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो इनके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए सेवामुक्त कर दिया जायेगा।

(जय सिंह) 21/7/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू०अ०नि०(5)क्षे०आ०(विशेष सर्वेक्षण अमीन–03/2022...1607 पटना, दिनांक :–21/7/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू०अ०नि०(5)क्षे०आ०(विशेष सर्वेक्षण अमीन–03/2022...1607 पटना, दिनांक :–21/7/2022

प्रतिलिपि :– मो० सैफ, विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID AEN04613), बंदोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू०अ०नि०(5)क्षे०आ०(विशेष सर्वेक्षण अमीन–03/2022...1607 पटना, दिनांक :–21/7/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप